भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1177
11 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

इस्पात उद्योग

1177. श्री रुद्र नारायण पाणी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि ओडिशा के ढेंकनाल और अंगुल जिलों में अनेक इस्पात उद्योग/संयत्र हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनमें कुल कितना उत्पादन होता है ;

(ग) क्या इन उद्योगों/संयंत्रों में नियुक्ति में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता दी जाती है ;

(घ) क्या सरकार ने विस्थापितों की सभी समस्याओं का समाधान कर दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इन कारखानों द्वारा प्रदूषण के सभी नियमों का पालन किया जाता है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इसके समाधान के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (छ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इस्पात संयंत्र स्थापित करने संबंधी निर्णय उद्योग संबंधी तकनीकी-वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं। इस्पात संयंत्र स्थानीय उद्योग, श्रमिक तथा पर्यावरणीय कानूनों के द्वारा नियंत्रित किये जाते हैं। ढेंकानाल और अंगुल जिलों में क्रमश: 15 तथा 9 इस्पात कारखाने हैं।

कच्चा इस्पात उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है:-

मद	2023-24	
	अंगुल	ढेंकानाल
कच्चा इस्पात उत्पादन (एमटी में)	4.39	5.55
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी= मिलियन टन		

*****